# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025




Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in
ORA MAKERS
Own your real asset.
A FESTIVE WELCOME AWAITS AT YOUR NEW ADDRESS OF SERENE LANDSCAPED GARDENS.
CLASSICAL FROM OUTSIDE. MODERN FROM INSIDE.
Bilaspur's Most Awaited Premium Township of DEVELOPED PLOTS and 2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS
New Town
Own it!
Grand Entrance Gate - A majestic welcome every day
Modern Garden Spaces - Thoughtfully planned for leisure
Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
Fully Equipped Gymnasium - Stay fit and active
Lavish Swimming Pool with Kids' Pool - Fun for all ages
Indoor & Outdoor Games - Recreation at your doorstep
Yoga, Meditation & Jogging Spaces - Wellness made easy
TO AVAIL Diwali PRE-LAUNCH OFFER, CALL:
98931 13444/ 98931 28333
New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden, 4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 18 अक्टूबर 2025
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 24.2 डिग्री
न्यूनतम 14.2 डिग्री

बैंक हितग्राहियों को प्राथमिकता से ऋण उपलब्ध कराएं : कलेक्टर
4



## खबर संक्षेप

### संविदा पदों के भर्ती हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

**जशपुरनगर।** स्वास्थ्य विभाग के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व जिला स्वास्थ्य समिति के अन्तर्गत रिक्त संविदा पदों पर भर्ती के लिए दावा आपत्ति प्रस्तुत किये जाने हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी किया गया था। अभ्यर्थियों द्वारा उक्त सूची पर दावा आपत्ति आवेदन प्रस्तुत किया था। दावा आपत्ति निराकरण पश्चात पात्र-अपात्र सूची जिले की वेबसाईट में अपलोड की गयी है। दावा आपत्ति निराकरण पश्चात पात्र-अपात्र सूची हेतु अभ्यर्थी जिले की वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।

### दिन दहाड़े बाइक सवार से 60 हजार की लूट

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवानगर निवासी रामनाथ राम आ. स्व. घुडाराम 14 अक्टूबर की दोपहर शहर के बैंक में रुपए निकालने आया था। ग्रामीण ने बैंक से 20 हजार रूपए निकाला और पहले से झोला में रखे 40 हजार रुपए के साथ रखकर बाइक से वापस घर जाने लगा। जैसे ही बाइक सवार कांतिप्रकाशपुर पुलिया के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार युवक ने ग्रामीण के पास रखे झोला को झपट्टा मार लेकर फरार हो गया। पीड़ित ग्रामीण ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 304(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### मंडल के पदाधिकारी व जन प्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

**राजपुर।** जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल व समाजसेवी अशोक अग्रवाल के निवास पर गुरुवार को भाजपा मंडल राजपुर व बरियो के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं जनपद सदस्यों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम आपसी एकता, संगठन सशक्तिकरण और पार्टी कार्यकर्ताओं के योगदान के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव, जिला महामंत्री संजय सिंह, कमला प्रसाद सिंह, जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष विनय भगत, जिला पंचायत सभापति श्रीमती अनार सिंह, जिला पंचायत सदस्य रवि प्रताप मरावी, नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, विधायक प्रतिनिधि एवं सभापति शिवनाथ जायसवाल, मंडल अध्यक्ष राजपुर जगवंशी यादव, मंडल अध्यक्ष बरियो जितेंद्र जायसवाल, पूर्व जिला मंत्री एवं जनपद सदस्य मुकेश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

### नवापारा में ट्रेलर की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**बिश्रामपुर।** कोल परिवहन कार्य में लगे ट्रेलर की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई है,करंजी पुलिस ने बताया कि नवापारा बतरा निवासी 85 वर्षीय आदित्य नारायण सोनी पिता घोरा साव गुरुवार की सुबह करीब साढ़े 9 बजे पानी भरकर सड़क पार कर रहे थे, तभी भटगांव साइडिंग से कोयला खाली करके गायत्री खदान की ओर जा रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 29 एएच 7004 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए वृद्ध को अपनी चपेट में ले लिया, आसपास के लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल वृद्ध को बतरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया,जहां ईलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### पुलिया निर्माण का जनपद उपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**राजपुर।** जनपद पंचायत राजपुर के उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत बूढ़ाबगीचा में प्राधिकरण निधि अंतर्गत स्वीकृत दो पुलिया निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इन दोनों पुलिया निर्माण कार्यों की लागत लगभग 20 लाख रुपये है।


# निखरेंगी खेल प्रतिभाएं, खिलाड़ियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जशपुर जिला खेल प्रतिभाओं की भूमि के रूप में शुरूआत से ही जाना जाता रहा है। यहां के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल के दम पर न केवल प्रदेश, बल्कि देश और विदेशों में भी जशपुर का नाम गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर की लोकसंस्कृति और यहां के खेलप्रेम से भलीभांति परिचित हैं। उनके नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। जिले में खेल अधोसंरचना के विकास के तहत आधुनिक स्टेडियमों और खेल मैदानों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। यहां विभिन्न महत्वपूर्ण खेल आयोजनों के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिल रहा है।





- मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बन रहे अत्याधुनिक स्टेडियम और खेल अकादमियां

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जशपुर जिले में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए स्टेडियमों और खेल मैदानों की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। जिले में निवासरत विशेष संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय को जन्म से ही तीरंदाजी में प्राकृतिक निपुणता प्राप्त होती है। इस पारंपरिक कौशल को निखारकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से सन्ना में 20 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी का निर्माण किया जाएगा। इस अकादमी में लाइब्रेरी, मेडिकल सेंटर, नर्सरी, हर्बल प्लांटेशन, अत्याधुनिक ग्राउंड, चेंजिंग रूम, कोच रूम, उपकरण केंद्र, स्किल डेवलपमेंट सेंटर, प्रशिक्षण कक्ष, वार्डन एवं गार्ड रूम जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही उपकरण, परिवहन के लिए बस, हाईमास्ट लाइट जैसी व्यवस्थाएं भी की जाएंगी। इसी तरह कुनकुरी में 63 करोड़ 84 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को भी मंजूरी मिल चुकी है। यह कॉम्प्लेक्स आधुनिक खेल ढांचे और सुविधाओं से सुसज्जित होगा, जिसमें एथलेटिक्स ट्रैक एवं पवेलियन, बास्केटबॉल कोर्ट, कबड्डी और खो-खो मैदान, स्विमिंग पूल, ड्रेस चेंजिंग रूम, वॉलीबॉल ग्राउंड, जंपिंग गेम और खेल उपकरण शामिल होंगे। इसी प्रकार से मुख्यमंत्री श्री साय के कार्यकाल में 2.83 करोड़ लागत के बगीचा में स्वीकृत हुए आधुनिक इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके साथ ही मयाली में एडवेंचर स्पोर्ट्स संचालित है। घोलेंग में फुटबॉल स्टेडियम के लिए भूमि का चिन्हांकन किया गया है। जिला मुख्यालय जशपुर में एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान के पास 3.50 करोड़ लागत के बास्केट बाल कोर्ट का निर्माण कार्य जारी है। रणजीता स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ ग्रास और एलईडी डिस्प्ले लगाए जाने की घोषणा की गई है। नगरीय क्षेत्र से लेकर ग्रामीण अंचलों तक स्टेडियमों और खेल मैदानों के जीर्णोद्धार व निर्माण की निरंतर स्वीकृति दी ⏭ शेष पेज 4 पर

### खिलाड़ियों, नागरिकों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

खेल प्रेमियों और आम नागरिकों का कहना है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने हमेशा खेलों को समाज और युवाओं के विकास का माध्यम माना है। उनकी प्राथमिकताओं में खेल सुविधाओं का विस्तार और ग्रामीण अंचलों तक खेल अधोसंरचना उपलब्ध कराना शामिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जशपुर के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए और अधिक तैयार हो पाएंगे। यह पहल जिले में खेल संस्कृति को नई पहचान दिलाएगी और आने वाली पीढ़ियों को खेलों की ओर प्रेरित करेगी।

## किराए पर बैंक खाता देकर उड़ाए थे दो लाख से ज्यादा रुपए

# म्यूल अकाउंट गिरोह का भंडाफोड़ चेन्नई से पकड़ा गया असम का ठग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ऑनलाइन ठगी के मामलों पर शिकंजा कसते हुए जशपुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। चौकी आरा क्षेत्र के एक व्यक्ति से दो लाख 35 हजार रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने असम निवासी एक युवक को चेन्नई से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी ने ठगों को अपना बैंक खाता किराए पर दे रखा था, जिसके जरिए ठगी की रकम का लेन-देन किया गया था।

मामला वर्ष 2024 का है। ग्राम टुकुटोली निवासी प्रार्थी राजू साय (50 वर्ष) को 7 जुलाई 2024 को एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप मैसेज प्राप्त हुआ। संदेश में लिखा था कि आपकी पीएम किसान निधि योजना चालू हो गई है, कृपया दिए गए एप लिंक पर क्लिक करें।प्रार्थी ने जैसे ही लिंक पर क्लिक किया, उसके बैंक खाते से ठगों ने कुल 2,35,000 की रकम निकाल ली। पीड़ित ने इसकी शिकायत चौकी आरा में दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बीएनएस की धारा 318, 318(4) एवं 120(बी) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया और विवेचना प्रारंभ की।



### तकनीकी जांच से पहुंची पुलिस असम तक

जांच के दौरान पुलिस ने पीड़ित के बैंक खाते का स्टेटमेंट निकालकर प्रत्येक ट्रांजेक्शन का विश्लेषण किया। जांच में खुलासा हुआ कि ठगी की राशि तीन अलग-अलग खातों में स्थानांतरित की गई थी जिसमें 85 हजार असम राज्य के केनरा बैंक खाते में,1 लाख एक अन्य असम निवासी के खाते में,और 50 हजार एक्सिस बैंक के खाते में, जो जहुरूल इस्लाम नामक युवक का था। पुलिस ने ट्रांजेक्शन को ट्रेस करते हुए पाया कि रकम धनबाद झारखंड से एटीएम के माध्यम से निकाली गई थी। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जहुरूल इस्लाम की तलाश शुरू की।

### चेन्नई से दबोचा गया आरोपी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी टीम की मदद से पुलिस को पता चला कि जहुरूल इस्लाम वर्तमान में चेन्नई में रह रहा है।टीम ने चेन्नई पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लिया और जशपुर लाकर पूछताछ की।पूछताछ में जहुरूल ने बताया कि उसने वर्ष 2024 में एक्सिस बैंक में खाता खोला था और अपने खाते की पासबुक, एटीएम कार्ड और चेक बुक को पड़ोसी गांव के एक व्यक्ति को किराए पर दे दिया था। उसी के माध्यम से ठगी की रकम उसके खाते में आई और आगे ट्रांसफर कर दी गई।आरोपी जहुरूल इस्लाम 23 वर्ष, निवासी राजीव नगर, थाना बागबहोर जिला बरपेटा ,असम के कब्जे से मोबाइल फोन व बैंक खाते से जुड़ी सिम जब्त की गई है।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### म्यूल खातों पर रखी जा रही है कड़ी नजर

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि प्रार्थी से संदिग्ध एप लिंक के माध्यम से ठगी की गई थी। पुलिस ने ट्रांजेक्शन को ट्रेस कर आरोपी को चेन्नई से गिरफ्तार किया है। ऐसे खाताधारक जो किराए पर अपने बैंक खाते देते हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## सीईओ ने संकल्प शिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों को किया मोटिवेट



**जशपुरनगर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने गुरुवार को संकल्प शिक्षण संस्थान, जशपुर पहुंचकर कक्षा 11वीं और 12वीं पढ़ने वाले विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें इंजीनियरिंग तथा चिकित्सा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मोटिवेट किया। इस अवसर पर उनके साथ डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी विद्यार्थियों से फिजिक्स और केमिस्ट्री के कई बेसिक कॉन्सेप्ट्स पर बात की।

जेईई और नीट के सात साथ प्रोफेशनल कोर्सेस का भी तैयारी जरूरी सीईओ अभिषेक कुमार ने जेईई और नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से कहा कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी के साथ प्रोफेशनल कोर्सेस के दृष्टिकोण से भी अध्ययन किया जाना आवश्यक होता है। 12वीं के बाद इनका महत्व बढ़ जाता है, इसलिए उसी के अनुरूप तैयारी की जानी चाहिए।सीईओ अभिषेक कुमार और श्री कुशवाहा ने विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग और चिकित्सा प्रवेश परीक्षा हेतु भौतिकी , रसायन, जीव विज्ञान और गणित विषय के विभिन्न खंडो और टापिक्स की उपयोगी पुस्तकें भी प्रदान की। एचसी वर्मा, एसके गोयल, अमित एम अग्रवाल, डीसी पांडेय एवं एलन करियर इंस्टिट्यूट जैसे लेखकों और पब्लिकेशन्स की कई किताबें इसमें शामिल रही। इन पुस्तकों के वितरण से विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायता प्राप्त होगी।

## सांप को लेकर दौड़ता रहा सर्पदंश पीड़ित

**प्रतापपुर।** जब जान पर बन आए और सामने मौत नजर आए तो ऐसे में सूझबूझ ही काम आती है और कठिन से कठिन परिस्थिति भी सामान्य हो जाती है। कुछ इस तरह की स्थिति से गुजर रहे युवक की सूझबूझ उस समय काम आई जब जहरीले सांप ने उसे डंस लिया। सांप के डंस लेने पर युवक नहीं घबराया बल्कि सांप को मारने के बाद सांप की पहचान के लिए पकड़ कर दौड़ने स्कूल के शिक्षक के पास पहुंचा। इधर शिक्षक ने भी सूझबूझ का परिचय देते हुए बाइक से तत्काल सर्पदंश पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया। समय पर अस्पताल पहुंच जाने से अब युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।



जानकारी के अनुसार प्रतापपुर से लगे ग्राम पंचायत बरौल डूमर खोली निवासी राम प्रसाद आ. मान साय (40 वर्ष) सड़क किनारे पुटूस झाड़ के समीप बैठकर मवेशी चरा रहा था। इसी दौरान जहरीले सांप ने पैर में लिपटकर अंगूठे में काट लिया। सांप की पकड़ इतनी मजबूत थी कि अंगूठे से खून निकलने लगा। जहरीले सांप के काट लेने से युवक नहीं घबराया और सांप को डंडे से मार दिया। मृत सांप के पहचान के लिए युवक सांप को पकड़कर सड़क किनारे हल्ला किया और दौड़ते हुए प्राथमिक शाला स्कूल डूमर खोली पहुंच कर शिक्षकों को जहरीले सांप के काटने की बात बताई। इधर प्रधान पाठक संजय कुमार चतुर्वेदी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए युवक के जान बचाने के लिए अपनी बाइक से युवक को बैठाकर अस्पताल ले जाने लगा। इसी बीच रास्ते सांप का असर होने पर युवक अचेत हो गया। युवक के बेहोश हो जाने पर प्रधान पाठक संजय चतुर्वेदी ने तत्काल ग्रामीणों की मदद से प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## जिला मॉनिटरिंग सेल एवं यूटीआरसी कमेटी के सदस्यों की बैठक

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर सत्येन्द्र कुमार साहू के निर्देशन एवं अध्यक्षता में जिला के मॉनीटरिंग सेल की मासिक बैठक, यूटीआरसी का मासिक एवं त्रैमासिक बैठक एवं नालसा योजना डॉन, संवाद, आशा एवं जागृति अंतर्गत जिला एवं तालुका स्तर में गठित यूनिट के सदस्यों बैठक विगत दिवस 16 अक्टूबर 2025 को योजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के सभा कक्ष में किया गया।



बैठक में यूटीआरसी के अंतर्गत एजेंडा व मिनट्स, जिला एवं तालुका स्तर पर पार्किंग हेतु स्टैण्ड, भवनों में सीपेज, विद्युत, सिविल, साफ-सफाई. स्ट्रीट लाईट, पानी, नोटिस व समंस तामिली आदि की समस्याओं एवं बाल विवाह की समस्या से निपटने के लिये एक संस्थागत ढांचा तैयार कर, बाल विवाह की प्रथा का उन्मूलन करना, पीड़ताओं को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कराते हुये समाज की मुख्य धारा से जोड़ने, जमीनी स्तर पर निःशुल्क विधिक सहायता का प्रचार-प्रसार करना एवं शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करने, नशे से पीडित व्यक्ति को नशे से मुक्ति हेतु नशा मुक्ति केन्द्र जाने हेतु प्रोत्साहित करने, नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाईन नंबर 1933 एवं 14446 एवं नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 का प्रचार प्रसार करने, स्कूल कॉलेज, सडकों पर रहने वाले बच्चे, सेक्स वर्कर, जेल, किशोर गृह, केमिस्ट, ड्रग पीड़ति व्यक्ति एवं उनके परिवारों, आम जनता के मध्य जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में तालुका विधिक सेवा समिति पत्थलगांव, कुनकुरी ⏭ शेष पेज 4 पर

## आत्मनिर्भर भारत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन जशपुर में सम्पन्न

# हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय सम्मेल का आयोजन जशपुर विधानसभा के सन्ना मंडल स्थित कल्याण आश्रम प्रांगण में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैंकरा तथा जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत उपस्थित रहीं।सम्मेलन में हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का संकल्प लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के जिला संयोजक उपेन्द्र यादव ने सम्मेलन की ⏭ शेष पेज 4 पर




### महिलाएं आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ हैं- उद्धेश्वरी पैंकरा

अपने उद्बोधन में सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैंकरा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है "यदि हमारे गांव की महिलाएँ स्वरोजगार अपनाएँगी, तो परिवार ही नहीं, पूरा समाज आत्मनिर्भर बनेगा।

### आत्मनिर्भर भारत, आत्मविश्वासी भारत का प्रतीक - रायमुनी भगत

विधानसभा की विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब समाज का प्रत्येक वर्ग अपने कौशल और संसाधनों का सही उपयोग करेगा। उन्होंने कहा आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं, यह मानसिक और सामाजिक स्वतंत्रता का भी प्रतीक है। हमें अपने पारंपरिक हुनर, कृषि और स्थानीय उत्पादों पर गर्व करना चाहिए।

### स्वावलंबन ही राष्ट्र की शक्ति है- कृष्ण कुमार राय

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है।उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। श्री राय ने कहा जब तक हर नागरिक स्थानीय उत्पादों को अपनाएगा, तब तक देश आर्थिक रूप से मजबूत नहीं हो सकता। हमें 'वोकल फॉर लोकल'के मंत्र को जीवन का हिस्सा बनाना होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना ही सच्चा स्वदेशी आंदोलन है।

## मरीजों को दी जा रही बिना एक्सपायरी डेट वाली दवाइयां

**अम्बिकापुर।** संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने गुरुवार को मैनपाट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नर्मदापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में भारी अव्यवस्था पाई है। अस्पताल में साफ सफाई की कमी तो थी ही इसके साथ ही दवाओं के डब्बे पर मेन्यूफेक्चरिंग डेट व एक्सपायरी डेट अंकित नहीं थी।

अस्पताल के ड्रेसिंग कक्ष में भी भारी गंदगी देखने को मिली। इस दौरान अस्पताल में मौजूद स्टाफ नर्स ने पूछताछ के दौरान बताया कि आपातकालीन ड्यूटी के समय पदस्थ चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों द्वारा मरीजों का ध्यान नहीं दिया जाता है और ऐसे में जेडी ने निर्देश दिया कि इस प्रकार की लापरवाही



प्रतीत होती है तो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के निलंबन हेतु प्रस्ताव कार्यालय को भेजा जाए। उन्होंने बीएमओ से समय समय पर बैठक लेकर कमियों में सुधार करने व लापरवाही करने वालों पर कारवाई करने के निर्देश दिए। जेडी डॉ. शुक्ला ने चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टॉफ को शासन द्वारा निर्धारित समय पर अपने कार्य व मुख्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### पूर्व सीएम के जन्मदिन पर वित्त मंत्री ने दी बधाई

**रायगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह के जन्मदिन पर बधाई देते हुए वित्त मंत्री विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी ने उन्हें सबका मार्गदर्शक बताया। वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से उनके रायपुर निवास पर आत्मीय भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा आपकी सादगी, संवेदनशीलता और जनता के प्रति सेवाभाव पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत है। प्रभु श्रीराम जी से आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर सुयश की कामना करता हूं।

### अविकसित बच्चे को बचाने लायंस की सराहनीय पहल

**पुसौर।** एक समूह किसी कार्य को सुलझाने के लिए ठान ले तो वह कोई बड़ी बात नहीं होती जो संघे शक्ति को प्रमाणित करता है। जानकारी के अनुसार रायगढ़ के एक चिकित्सालय में एक गरीब दम्पति के यहां एक अविकसित बच्चा का जन्म हुआ। डाक्टरों के अनुसार उस बच्चे का सघन चिकित्सा एवं दवा आदि के लिए प्रतिदिन का 3 से 4 हजार रूपए तक का खर्चा रहा था, जोकि किसी भी शासकीय योजना से संभव नहीं था। ऐसी स्थिति में बच्चे के माता-पिता इस खर्च को वहन करने में सक्षम नहीं थे, चूंकि इस तरह लगभग डेढ़ महीने तक का खर्चा उठाना था। इस तथ्य की जानकारी लायंस क्लब रायगढ के पदाधिकारी ओम प्रकाश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, संजू छावडा, प्रकाश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों को हुई तो इन्होंने तत्काल पैसे एकत्रित कर उक्त दंपत्ति के हाथों में थमाया। उक्त राशि उसके स्वस्थ होने तक के लिए पर्याप्त रहा और बच्चा स्वस्थ होने के बाद अब उसके माता पिता उसे सकुशल घर ले गए हैं।

### बच्चों संग मनाया गया जन्मदिन समारोह

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा नगर में शासकीय प्राथमिक शाला कसैया में एक उत्साहपूर्ण व प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपहल महिला समूह के सदस्यों सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस विशेष अवसर पर विद्यालय में जन्मदिन समारोह, चित्रकला प्रतियोगिता एवं हिंदी भाषा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और सृजनशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्ब्छ प्रमुख वायु नंदन पाण्डेय, सचिदानंद पटनायक एवं श्रीमती सुभाषिनी पटनायक शामिल रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों के साथ मिलकर जन्मदिन का उत्सव मनाया और उन्हें शिक्षा के महत्व पर प्रेरक संदेश दिए। अपने उद्बोधन में वायु नंदन पाण्डेय ने अपने बचपन की सुनहरी यादों को साझा करते हुए भारतीय सेना में बिताए अपने अनुभवों और प्रेरणादायक किस्सों को बच्चों के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन का सबसे बड़ा बल है जो व्यक्ति को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद रितेश शर्मा तथा शिक्षा समिति के सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

### रायगढ़ स्टेडियम समिति की हुई बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कक्ष में रायगढ़ स्टेडियम समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति की कार्यकारिणी का कार्यकाल, अधिकार एवं कर्तव्यों के साथ साथ स्टेडियम से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, जिला पंचायत के सीईओ अभिजीत बबन पठारे सहित जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं स्टेडियम समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का प्रमुख उद्देश्य वर्ष 1997 से लागू स्टेडियम समिति के बायलॉज में आवश्यक संशोधन एवं विलोपन पर चर्चा करना था। जिसमें सर्वसम्मति से पदेन सदस्यों सहित उनके कर्तव्यों में संशोधन हेतु चर्चा की गई।

## कम प्रदर्शन करने वाले बैंकों पर जताई कड़ी नाराजगी

# बैंक हितग्राहियों को प्राथमिकता से ऋण उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने रायगढ़ जिले के सभी बैंकर्स एवं विभिन्न ऋण आधारित योजनाओं से जुड़े विभागों जैसे कृषि, पशुधन, मत्स्य, उद्यानिकी, उद्योग एवं अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति की संयुक्त बैठक ली। बैठक में शासन की वित्तीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कम प्रदर्शन करने वाले बैंकों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि शासन की योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि बैंकर्स जब भी फिल्ड में जाए तो साथ में विभागीय फिल्ड ऑफिसर व संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे, ताकि मौके पर भौतिक परीक्षण के साथ ही ऋण स्वीकृति कराने में तेजी आए।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, ग्रामीण आजीविका मिशन, अंत्योदय स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना तथा प्रधानमंत्री किसान योजना की प्रगति का ब्यौरा लेते हुए बैंकों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम हैं, अतः बैंक हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति में प्राथमिकता दें और संवेदनशीलता से कार्य करें। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बिना तैयारी के बैठक में उपस्थित कुछ बैंक अधिकारियों की कार्यशैली पर असंतोष व्यक्त करते हुए रविवार को बैंकर्स की पुनः समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, लीड बैंक अधिकारी तथा जिले के सभी बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे।




### अनुपयोगी उत्खनन क्षेत्र में करें मत्स्य पालन

कलेक्टर ने जिले के उत्खनन क्षेत्र जहां उत्खनन का कार्य के पश्चात उत्खनन क्षेत्र अनुपयोगी हो ऐसे क्षेत्रों को चिन्हांकित करने के लिए मत्स्य विभाग को निर्देश दिए तथा ऐसे एक क्षेत्र को पॉयलेट प्रोजेक्ट के रुप में मत्स्य पालन के लिए उपयोग में लाया जा सके। कलेक्टर ने कृषि एवं पशु संवर्धन एवं संरक्षण के लिए पशुधन विकास विभाग को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग की समीक्षा की एवं प्रभारी अधिकारी को सप्ताह में कम से कम दो बार जिला कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की

कलेक्टर ने बैठक में वार्षिक साख योजना 2025-26, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बैंकों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को सरल एवं त्वरित ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### बैंकिंग सेवाओं को मजबूत करने के निर्देश

उन्होंने डिजिटल भुगतान प्रणाली के सौ प्रतिशत विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की सुलभता बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि जिले में वित्तीय समावेशन को गति देने के लिए मोबाइल बैंकिंग सेवाओं को मजबूत किया जाए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि शासन की हर योजना का उद्देश्य नागरिकों के जीवन में आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता लाना है। इसलिए बैंक एवं विभाग समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि रायगढ़ जिले के अधिक से अधिक हितग्राही शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

### महिला समूहों को ऋण दिलाने में लाएं तेजी

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि महिला स्व सहायता समूहों को आजीविका उन्मुख गतिविधियों के लिए ऋण उपलब्ध कराने में तेजी लाई जाए, ताकि ग्रामीण महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। साथ ही कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं उद्यानिकी विभागों से जुड़े किसानों को केसीसी ऋण प्राथमिकता से स्वीकृत करने के निर्देश दिए।



## बगैर नाली निर्माण के हो गया 3 लाख 8 हजार का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 2 में दशों से बने नाली के स्थान पर आरसीसी नाली बनाए जाने का हवाला देकर उसमें 3 लाख 8 हजार रुपए के आहरण होने की बात सामने आई है।

जानकारी के अनुसार इसमें 20 दिसंबर 2022 को 2,74,726 रूपए व 12 अक्टूबर 2023 को 33,804 रुपए भुगतान हुआ है। जिसके जांच एवं कार्रवाई के लिए पार्षद ओकेश बेहरा ने कलेक्टर रायगढ़ के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 2 बोरोडिपा स्कूल से सुन्दरलाल गुप्ता घर तक आरसीसी नाली निर्माण स्वीकृत हुआ और उक्त कार्य के लिये तीन लाख पचासी हजार तीस रुपए आहरण किया गया है, जबकि संबंधित स्थान पर 15 वर्ष पूर्व से ईंटो का बना हुआ नाली है। इस समूचे मामले के दस्तावेज भी उपलब्ध हैं। ऐसे में जीरो टारलेस का हवाला देने वाली सरकार का नैतिक दायित्व बनता है कि मामले के तह तक पहुंचे और दोषियों पर कार्रवाई करें। इस तथ्य पर सीमओ ललित साहू ने बताया कि यह मामला पुसौर में उनके पदस्थ होने से पूर्व का है, शासन-प्रशासन से जो निर्देश मिलेगा वैसी कार्रवाई की जाएगी।

### पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन

**रायगढ़।** शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों इतवार सिंहए राजकुमारी नाग, परदेशी देवांगन, सलमा कुरैशी, शेख शहजादा की उपस्थिति में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक भारत माता की जयघोष के साथ प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होकर 11.30 बजे तक चली। संस्था प्रमुख डॉ.मनीषा त्रिपाठी ने उपस्थित जनों का आत्मीय स्वागत करते हुए बच्चों की नियमित उपस्थिति शालेय समय पर गृहकार्य, कक्षा कार्य, प्रायोजना व दत्त कार्य, विभागीय योजनाओं व उसके क्रियान्वयन, सामुदायिक सहभागिता एमिड डे मिल, सामाजिक न्यौता भोज, बच्चों को दिए जाने वाले व्यावहारिक ज्ञान, स्वच्छता, अनुशासन, अपार आई डीए आधार कार्ड अपडेशन, जाति प्रमाण पत्र, लगातार अनुपस्थित बच्चे, औसत से कम उपलब्धि वाले बच्चे, त्रैमासिक आकलन व परिणाम उनके लर्निंग स्तर, परीक्षा फल में सुधार हेतु कार्य योजना का क्रियान्वयन आदि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

## जिंदल फाउण्डेशन तमनार द्वारा वैश्विक हाथ धुलाई दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**तमनार।** जिंदल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा वैश्विक हाथ धुलाई दिवस 15 अक्टूबर के अवसर पर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस संस्थान निकटस्थ विभिन्न शासकीय अशासकीय स्कूलों व ग्राम पंचायतों डोलेसरा, तमनार, गोढ़ी गारे पालमा माइंस परिक्षेत्र के ग्राम टिहलीरामपुर, कोसमपाली एवं बांध प्रक्षेत्र के गांम राबो में स्कुली छात्र छात्राओं एवं ग्रामीण जनों के मध्य वैश्विक हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों व जनसमुदाय को हाथों की स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते विभिन्न संक्रामक बीमारियों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने का प्रयास कर इस इस प्रमुख अभियान के प्रति लोगों को प्रेरित करना था।

मुख्य कार्यक्रम ग्राम टिहलीरामपुर में ग्राम सरपंच रमेश कुमार राठिया के मुख्य अतिथ्य एवं स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति में की गई। इसके विद्यार्थियों व आम नागरिकों को जिंदल फाउण्डेशन हेल्थ टीम के द्वारा साबुन और स्वच्छ जल से हाथ धोने हाथ धुलाई की सही विधि व विभिन्न चरणों का प्रदर्शन कर बताया गया कि स्वच्छ हाथ ही स्वस्थ जीवन की पहचान हैं और नियमित हाथ धुलाई से अनेक बीमारियों को रोका जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालयों के बच्चों के बीच चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी की गईए जिनमें बच्चों ने स्वच्छता के महत्व को अपने रचनात्मक विचारों के माध्यम से प्रस्तुत किया। वहीं ऋषिकेश शर्मा, विभागाध्यक्ष सीएसआर ने अपने प्रेशित संदेश में कहा कि जिंदल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार क्षेत्र के 70 ग्रामों में स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता से संबंधित विभिन्न अभियानों के माध्यम से स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है। जिसकी आपूर्ति के लिए विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन नियमित योजनाबद्ध रूप से संस्थान में कार्यरत स्वास्थ्य संगिनियों व अपने कर्मचारियों के माध्यम से कर रही है। जिससे कि आमजनमानस विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से जागरूक हो स्वस्थ जीवन यापन कर सके। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न स्कूलों के प्रधान पाठक, कार्यालयीन स्टॉफ, चिकित्सा अधिकारी द्वय डॉ. हेमेन्द्र साहू, डॉ. पंकज पटेल एवं टीम सीएसआर के सभी कर्मचारियों का योगदान महत्वपूर्ण रहा।



### पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनंग कुमार पटनायक का सुंदरगढ़ दौरा

**सुंदरगढ़।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं ओडिशा खनिज धारक क्षेत्र विकास निगम ओएमबीएडीसी के लोकपाल न्यायमूर्ति अनंग कुमार पटनायक पांच दिवसीय दौरे पर सुंदरगढ़ जिले में हैं। दौरे के दूसरे दिन 15 अक्टूबर 2025 उन्होंने कुत्रा उच्च विद्यालय में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष, शौचालय और परिधि दीवार कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। इसके बाद न्यायमूर्ति पटनायक ने कुनमुर के मशरूम उत्पादन केंद्र और आम कलिका केंद्र का भी दौरा किया, जहां उन्होंने ग्रामीण महिलाओं द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कुआरमुण्डा में निर्माणाधीन मेगा पाइप पेयजल परियोजना और छेंड स्थित बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध सुविधाओं और प्रशिक्षण अवसरों की जानकारी ली। दौरे के समय जिलाधिकारी डॉ. शुभंकर महापात्र, डीएमएफ और ओएमबीएडीसी अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## 12 बेड वाले शिशु वार्ड का शुभारंभ, गंभीर बच्चों को रेफर करने की नहीं पड़ेगी जरूरत

**कटेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का सिलसिला निरंतर जारी है। ग्रामीण व अंचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के इसी अभियान के तहत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ी है। जिला अस्पताल सारंगढ़ बिलाईगढ़ में अब 12 बेड वाले अत्याधुनिक शिशु वार्ड की शुरुआत की गई है। इस सुविधा के शुरू होने से अब जिले के नवजात से लेकर 12 वर्ष तक के बच्चों को गंभीर बीमारियों की स्थिति में बाहर रेफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

नवनिर्मित वार्ड को बच्चों के अनुकूल वातावरण और आधुनिक उपकरणों से पूरी तरह सुसज्जित किया गया है। इसमें ऑक्सीजन सपोर्ट बेडए नेब्युलाइज़र, फोटोजोनिक थैरेपी यूनिट, इन्फेंट वॉर्मर और वेंटिलेशन सपोर्ट सिस्टम जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। बच्चों की देखरेख के लिए डॉ. भारती पटेल को शिशु रोग विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया है, जो अपनी अनुभवी टीम के साथ 24 घंटे उपचार सेवाएँ प्रदान करेंगी। कलेक्टर संजय कन्नौजे और सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने वार्ड का निरीक्षण करते हुए कहा कि यह कदम जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में नया अध्याय जोड़ेगा। उन्होंने बताया कि अब बच्चों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर व निरूशुल्क चिकित्सा सुविधा मिलेगी। उद्घाटन अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल, जिला पंचायत स्वास्थ्य विभाग सभापति सुशीला साहू, पंचायत सभापति भगवतीन कुंज राम पटेल, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता दुर्गा सिंह ठाकुर, सतीश शर्मा, प्रकाश अग्रवाल और रविशंकर यादव उपस्थित रहे। सभी ने अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल को जनसेवा का बड़ा कदम बताया।



### अस्पताल प्रबंधन की अपील

अस्पताल प्रशासन ने अभिभावकों से आग्रह किया है कि बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। यदि बच्चे को बुखार, सांस लेने में तकलीफ, उल्टी दस्त, वजन घटने या अन्य लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत जिला अस्पताल सारंगढ़ बिलाईगढ़ पहुँचें। यहाँ विशेषज्ञ चिकित्सक, आधुनिक उपकरण और निः शुल्क उपचार सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

### जनता की प्रतिक्रिया

स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की इस पहल को श्राहत की सौगात बताते हुए सराहा। उन्होंने कहा कि अब सारंगढ़.बिलाईगढ़ के बच्चों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, यही इस पहल की सबसे बड़ी सफलता है।

## मंत्री चौधरी द्वारा स्वीकृत 30 करोड़ की कार्य योजना पर रायशुमारी

**पुसौर।** नगर पंचायत कार्यालय पुसौर प्रांगण में बीते दिनों उप मुख्यमंत्री अरूण साव, क्षेत्रीय विधायक एवं वित्तमंत्री ओपी चैधरी तथा प्रशासनिक एवं सत्तासीन प्रमुख लोगों के उपस्थिति में नगर पंचायत के विकास के लिए करोड़ों रूपए के सौगात मिली। जानकारी के मुताबिक यह सौगात बगैर कार्य योजना के दी गई है। इस तथ्य के मद्देनजर नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी ने पुसौर के सोशल मिडिया ग्रुप में इसे साझा कर जनता से रायशुमारी की जा रही है, जिसमें 15 वार्ड के लोगों ने सार्वजनिक जरूरतों को अवगत कराया है। जैसा कि ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा आयोजन होता है और वहां सार्वजनिक हित से जुडे नाली, चौपाल, पेयजल सहित अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की जाती है। उसी पैटर्न में जनजागरण मंच एवं रामलीला ग्रुप में लोगों ने अपनी-अपनी राय दी है। ग्रुप में बड़े तालाब के सौदर्यीकरण, चौक चौराहों में शेड निर्माण, पेयजल की स्थाई व्यवस्था, लाइटिंग एवं मुक्तिधाम में चौपाल निर्माण सहित अन्य मांग सुझाव प्रस्तुत किए गए हैं। लोगों ने अध्यक्ष प्रतिनिधि के इस तरह के रायशुमारी का सराहना कर रहे हैं। इस तथ्य पर मोहित सतपथी ने बताया कि ग्रुप के अतिरिक्त प्रत्येक वार्डो में जाकर वहां के आवश्यकताओं को लोगों से पूछा भी गया है और उसके अनुसार विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।



## बिलाईगढ़ महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में यूथ रेड क्रॉस इकाई के द्वारा महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एफ आर निराला को आमंत्रित किया गया। डॉ निराला ने कुष्ठ रोग, एनीमिया, टीबी, सिकल सेल जैसे गंभीर बीमारियों के प्रमुख कारण, लक्षण, रोकथाम के उपाय एवं उपचार से संबंधित जानकारी प्रदान किया। साथ ही माहवारी की प्रक्रिया डायग्राम के माध्यम से समझाते हुए महिलाओं में होने वाली रक्त की कमी को दूर करने के लिए उचित पोषण आहार के विषय में बताया तथा अनेक छात्राओं द्वारा रखे गए जिज्ञासा का समाधान किया गया। डॉ हेमकुमार जोल्हे ने स्वच्छता एवं नशा मुक्ति के विषय में जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन यूथ रेड क्रॉस प्रभारी पंकज साहू सहा प्राध्यापक के द्वारा किया गया। डॉ सुमनलता राठौर अति व्याख्याता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र राकेश जभा शिक्षक का विशेष सहयोग रहा।




## पेज 3 का शेष

### निखरेंगी खेल प्रतिभाएं...

जा रही है। मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और माण देशी फाउंडेशन द्वारा जिले में 20 आधुनिक खेल ग्राउंड विकसित किए जाएंगे। इनका उद्देश्य उभरते खिलाड़ियों को ओलंपिक जैसे बड़े मंचों के लिए तैयार करना है। इसके लिए बेहतर ट्रेनिंग सुविधाएं, अनुभवी कोचिंग स्टाफ और अत्याधुनिक उपकरण खिलाड़ियों को उपलब्ध कराए जाएंगे।

### जिला मॉनिटरिंग सेल ...

एवं बगीचा के अध्यक्ष विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर जशपुर रोहित व्यास, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर जनार्दन खरे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर सुश्री सुमन सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर कु. श्वेता बघेल, न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ट श्रेणी क्रांति सिंह, अपर कलेक्टर जशपुर प्रदीप कुमार साहू, उप पुलिस अधीक्षक जशपुर श्रीमती मंजूलता बाज, जेल अधीक्षक जिला जेल जशपुर श्याम लाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी जशपुर चंद्रशेखर यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जशपुर योगेश्वर उपाध्याय, जिला ड्रग्स कंट्रोल अधिकारी जशपुर, सुदेश गुप्ता, चीफ, लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम जशपुर, सुश्री सगीरा बानो, पैनल अधिवक्ता जशपुर, प्रताप चंद तिग्गा, पैनल अधिवक्ता जशपुर, दीपिका लकडा, पैनल अधिवक्ता जशपुर, संत्री बाई, अधिकार मित्र जशपुर, निरंतर कुजूर, अधिकार मित्र जशपुर उपस्थित रहें।

### हर घर स्वदेशी...

विषयवस्तु रखते हुए बताया कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन करना है।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने किया। समापन अवसर पर आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के सहसंयोजक शंकर गुप्ता ने उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और कहा कि "संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाएगा। **कार्यक्रम में ये रहे शामिल**-जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने जानकारी दी कि सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, जशपुर नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद अध्यक्ष गायत्री नागेश, राजकपूर भगत, डीडीसी गेंदबिहारी सिंह, शरद चौरसिया, रीना बरला, शंकर गुप्ता, केशव यादव, कृपा शंकर भगत, संजीत ओझा, मुकेश सोनी, नेहरू सिंह, आनंद यादव, देवलाल भगत, हरीश आरिक, प्रभाकर यादव, हरिशंकर यादव, नसरुल्लाह सिद्दीकी, बलवंत गुप्ता, आशुतोष राय, विनोद निकुंज, राजा सोनी, राहुल गुप्ता, नागेंद्र भगत, काजल राय, सविता नागेश, इलियास अंसारी, रामनारायण यादव, सुषमा सिंह, सुरेन्द्र भगत, रागिनी भगत, नीतू गुप्ता, सावित्री निकुंज, प्रतिमा भगत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने एक स्वर में संकल्प लियाहर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी – यही है आत्मनिर्भर भारत की दिशा और देश की शक्ति।

### हर माह एक हजार रुपए बन रहा आत्मनिर्भरता का आधार

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना आज रायगढ़ जिले की लाखों महिलाओं के जीवन में नई ऊर्जा, नई उम्मीद और आत्मनिर्भरता के लिए नई राह बन रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा संचालित यह योजना अब केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि नारी सम्मान, गरिमा और सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में इस योजना के तहत अब तक 3 लाख 15 हजार 78 हितग्राहियों के खातों में 523 करोड़ 47 लाख रुपए से अधिक राशि अंतरण की जा चुकी है। वहीं महिलाओं की खुशियों में दीवाली से पहले और उजाला भरने के उद्देश्य से राज्य शासन ने अक्टूबर माह की 20वीं किस्त भी जारी कर दी है, जिसके अंतर्गत जिले की पात्र महिलाओं को 25 करोड़ 38 लाख 75 हजार 800 रुपए की राशि उनके खातों में जमा की गई है।

